रहस्य संदेश

पृष्ठ : 4 मूल्य : 2.00 रुपये मात्र

एटा कासगंज अलीगढ़ लखनऊ गाजियाबाद

11 : 06 : 2026 | वर्ष 20 अंक 150 | RNI-No. UPHIN/

सीएसए में प्रांतीय सिविल सेवा के प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर्स का हुआ 88 वां आधारभूत प्रशिक्षण

संवाददाता | दतिया

कानपुर (अनवर अशरफ)चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के शोध निदेशालय के प्रशिक्षण कक्ष में प्रांतीय सिविल सेवा कार्यकारी शाखा के 25 प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर्स का 28वां आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आए हुए अतिथियों का स्वागत अधिष्ठाता उद्यान एवं निदेशक प्रसार प्रोफेसर डॉ0 वी0 के0 त्रिपाठी के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में कृषि में चैलेंज एवं उसका समाधान, जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा उद्यान से संबंधित जनपद एवं प्रदेश में चल रही है योजनाओं को कैसे और अधिक प्रभावशाली तरीके से क्रियान्वयन किया जाए इत्यादि महत्वपूर्ण विषय पर डॉ0 महक सिंह, निदेशक शोध, प्रोफेसर डॉ0 वी0 के0 त्रिपाठी, अधिष्ठाता,उद्यान एवं निदेशक प्रसार, डॉ विजय कुमार यादव निदेशक सीड एंड फॉर्म एवं डॉ उमानाथ शुक्ला प्राध्यापक ने अपने विचार विस्तारपूर्वक कार्यक्रम में रखें तथा प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों के मध्य वर्तमान कृषि के ऊपर चर्चा की गई। निदेशक शोध डॉ महक सिंह ने बताया कि प्रांतीय सिविल सेवा का आधारभूत प्रशिक्षण एक अनिवार्य कार्यक्रम है, जो चयनित अधिकारियों को कृषि एवं समावेशी विभागों के व्यावहारिक ज्ञान से लैस करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर वी0 के0 कनौजिया अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केंद्र,कन्नौज एवं नोडल अधिकारी आरकेबीवाई ने किया। कार्यक्रम में डॉ0 विनोद प्रकाश के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यक्रम को सफल बनाने में उपस्थित रहे।

अमर उजाला 11/06/2026

डिप्टी कलेक्टरों को बताई कृषि की उपलब्धियां और चुनौतियां

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में सिविल सेवा कार्यकारी शाखा के 25 प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टरों को कृषि

की उपलब्धियां और चुनौतियां बताई गईं। उनके लिए बुधवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विशेषज्ञों ने कृषि की चुनौतियों, उनके समाधान, जैविक व प्राकृतिक खेती के महत्व, उद्यान संबंधी सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। निदेशक प्रसार प्रोफेसर डॉ. वीके त्रिपाठी, निदेशक शोध डॉ. महक सिंह, प्रोफेसर डॉ. वीके त्रिपाठी, डॉ. विजय कुमार यादव और डॉ. उमानाथ शुक्ला ने अपने विचार रखे। उन्होंने वर्तमान कृषि परिदृश्य पर प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। डॉ. वीके कनौजिया, डॉ. विनोद प्रकाश आदि मौजूद रहे। (ब्यूरो)

हिंदुस्तान 11/06/2026

प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर्स को दी जानकारी

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए) में सिविल सेवा कार्यकारी शाखा के 25 प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर्स के लिए 28वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों को कृषि क्षेत्र की चुनौतियों पर जानकारी दी गई।शुरुआत अधिष्ठाता उद्यान एवं निदेशक प्रसार प्रो. वीके त्रिपाठी, निदेशक शोध डॉ. महक सिंह व डॉ. विजय यादव ने किया।